# छत्तीसगढ़ शासन

# विमानन विभाग

# वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन

# 2012—2013

# विमानन विभाग

## (आलोच्य अवधि में प्रभार)

## 2012—2013

| | |
|---|---|
| मुख्यमंत्री | माननीय डॉ. रमन सिंह |
| संसदीय सचिव | माननीय श्री कोमल जंघेल |
| सचिव | 1. श्री आर.एस. विश्वकर्मा (भा.प्र.से) दिनॉक 01.09.2009 से दिनांक 28.09.2012 तक<br>2. श्री सुबोध कुमार सिंह (भा.प्र.से) दिनॉक 29.09.2012 से निरंतर |
| आयुक्त | श्री सुबोध कुमार सिंह (भा.प्र.से) दिनॉक 29.09.2012 से निरंतर |
| संचालक | श्री सुबोध कुमार सिंह (भा.प्र.से) दिनॉक 01.09.2009 से दिनांक 28.09.2012 तक |

# विमानन विभाग
# वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन वर्ष, 2012–13

**विषयः– वर्ष 2012–13 का वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन ।**

**सामान्यः–**

1/– विमानन संबंधी विषय संविधान की केन्द्रीय अनुसूची में है, परंतु शासन के पास स्वयं के विमान होने के कारण एवं प्रदेश में हवाई यातायात के विकास हेतु इस विभाग का गठन हुआ है, जिसके मुख्य कार्य इस प्रकार है :–

(1) अतिविशिष्ट व्यक्तियों के लिए शासकीय विमान/हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराना ।

(2) शासकीय विमान तथा हेलीकॉप्टर के अनुरक्षण एवं परिचालन की व्यवस्था ।

(3) प्रदेश में वायु यातायात सेवाओं के विस्तार के लिए पहल करना ।

(4) वायु यातायात के विकास के लिए राज्य के संसाधनों से निर्मित हवाई पट्टियों के अनुरक्षण तथा विकास संबंधी कार्य ।

(5) प्रत्येक जिले के समस्त तहसील मुख्यालय में पक्के हेलीपेड निर्मित करने की कार्यवाही करना ।

2/– विमानन विभाग के आदेश क्रमांक एफ–1/17/विमा./2001 दिनॉक 06.07.2001,एफ–1/17/विमा0/2001(1)/रायपुर दिनांक 02.08.2002, एफ–1/17/विमा0/2002/रायपुर दिनांक 07.10.2002, एफ–1/17/विमा0/2001/रायपुर दिनांक 28.08.2003 एवं एफ1–1/11/45/विमा0/रायपुर दिनांक 24.09.2011 द्वारा विमानन विभाग के अधीन शासकीय विमान एवं हेलीकॉप्टर के संधारण व परिचालन के लिए संचालनालय विमानन का सेटअप स्वीकृत किया गया है । (परिशिष्ट–अ)

**भाग–1**

आलोच्य अवधि में शासन के पास उपलब्ध विमान/हेलीकॉप्टर का विवरण निम्नानुसार है :–

## (अ) **शासकीय विमान :–**

शासकीय विमान किंग एयर बी–200, व्ही.टी.–सी.टी.जी. का क्रय मेसर्स रेथेयोन एयरक्राफ्ट कंपनी, अमेरिका से रूपये 23.88 करोड़ में किया गया है। यह विमान दिसंबर 2006 में शासन को प्राप्त हुआ था तथा वर्तमान में विशिष्ट व्यक्तियों की यात्राओं व शासन के कार्य में उपयोग हेतु लाया जा रहा है । वर्ष में अप्रेल 2012 से 31.12.2012 तक 243:45 घंटे उड़ान तथा कुल उड़ान 1667:00 घंटे की पूरी कर चुका है । विमान में दो पायलटों के अलावा 09 यात्रियों के बैठने हेतु सीटें उपलब्ध हैं। विमान का संधारण कार्य विभागीय अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मचारियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट स्थित शासकीय हैंगर में किया जा रहा है । छ0ग0 शासन द्वारा नए प्रशासकीय भवन एवं हैंगर निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है । निर्माण कार्य पूर्णतः की ओर है ।

## (ब) **शासकीय हेलीकॉप्टर :–**

शासकीय हेलीकाप्टर अगुस्ता ए 109 पावर, व्ही.टी.–सी.एच.जी. इटली की कंपनी अगुस्ता वेस्टलैंड से राशि रूपये 25.96 करोड़ में क्रय किया गया है । यह हेलीकॉप्टर दिसंबर 2007 से उड़ान हेतु उपलब्ध है। अतिविशिष्ट व्यक्तियों की उड़ान के लिए इस हेलीकॉप्टर में बैठक क्षमता 2+5 है । इस हेलीकॉप्टर द्वारा 31 दिसम्बर, 2012 तक 1316:15 घंटे की उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की गई है तथा इस वर्ष 01 अप्रेल, 2012 से 31 दिसम्बर, 2012 तक 184:37 घंटे की उड़ान पूरी कर ली गई है । अतिविशिष्ट व्यक्तियों की यात्राओं व शासन के कार्य में इसका उपयोग किया जा रहा है। हेलीकॉप्टर का परिचालन शासन द्वारा नियुक्त पायलटों द्वारा एवं संधारण का कार्य विभागीय अभियंताओं द्वारा पुलिस लाईन में स्थित हैंगर में किया जा रहा है।

**भाग–2**

## (स) राज्य में स्थित हेलीपेड की जानकारी :–

छ.ग. जिले में पक्के हेलीपेड बनाने की योजना के तहत वर्ष 2010–11 में राज्य शासन द्वारा 15 जिलों में 65 हेलीपेड निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है, जो कि निम्नानुसार है:–

1) कांकेर (05 ब्लाक):– स्पोर्टस काम्पलेक्स कांकेर, भानुप्रतापपुर, पंखाजूर, कोयलीबेड़ा, अंतागढ़।
2) दंतेवाड़ा (05 ब्लाक) :– थाना कटेकल्याण, खेल मैदान बड़ेपनेड़ा, थाना कोन्टा, बचेली, छिन्दगढ़।
3) रायपुर (05 ब्लाक) :– धरसीवा, बलौदाबाजार, बिलाईगढ़, गरियाबंद, देवभाग।
4) बिलासपुर (05 ब्लाक) :– पेन्ड्रा, गौरेला, मुंगेली, रतनपुर महामाया (कोटा)।
5) कवर्धा (05 ब्लाक) :– रेंगाखार, पंचराही, स. लोहारा, पंडरिया, चिल्फी हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर।
6) बीजापुर (05 ब्लाक) :– गंगालूर, चिन्नाकोडेपाल, कोडेपाल पेदाकोडेपाल, रेड्डी।
7) दुर्ग (05 ब्लाक) :– नवागढ़, बेमेतरा, साजा, बेरला, धमधा।
8) राजनॉदगॉव (05 ब्लाक) :–औंधी, सीतागांव, मदनबाड़ा, खड़गॉव, मोहला।
9) जांजगीर–चांपा (05 ब्लाक):–पामगढ, बलौदा, अकलतरा, जैजेपुर, बम्हनीडीह।
10) जशपुर (05 ब्लाक):– मनोरा, दुलदुला, कुनकुरी, फरसाबहार, कांसाबेल।
11) कोरिया (05 ब्लाक):–बैकुण्ठपुर, सोनहत, भरतपुर, मनेन्द्रगढ़, खड़गवा।
12) महासमुंद (04 ब्लाक):–बागबाहरा, पिथौरा, बसना, सरायपाली।
13) धमतरी (03 ब्लाक):– कुरूद, मगरलोड, नगरी।
14) जगदलपुर (03 ब्लाक):– तोकापाल, बकावण्ड, भानपुरी।

छ.ग जिले में पक्के हेलीपेड बनाने की योजना के तहत वर्ष 2011–12 में राज्य शासन द्वारा 2 जिले के 9 ब्लाक मुख्यालय में हेलीपेड निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है जो कि निम्नानुसार है:–

1) रायगढ़ (05 ब्लाक):– खरसिया, घरघोड़ा, लैलूंगा, धर्मजयगढ़, तमनार ।
2) बीजापुर (04ब्लाक):– पोस्ट रेड्डी, पोस्ट रानी बादेली, थाना बंगापाल, थाना तोमनार।

**(द) <u>राज्य में स्थित हवाई पट्टियाँ :–</u>**

छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित हवाई पट्टियों की जानकारी परिशिष्ट 'ब' में वर्णित है ।

**(इ) <u>हवाई पट्टी का विस्तार एवं उन्नयन :–</u>**

छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्य रूप से आठ हवाई पट्टियॉ हैं जिसमें से पॉच हवाई पट्टी राज्य शासन के स्वामित्व में एवं तीन हवाई पट्टी अन्य के स्वामित्व में हैं । जिला अंबिकापुर (दरिमा), बिलासपुर, भिलाई (नंदिनी)–ए जगदलपुर, जशपुरनगर, रायगढ़ (कोड़ातराई), कोरबा एवं रायगढ़ (जिंदल) में हवाई पट्टियॉ स्थित है । छत्तीसगढ़ राज्य में नवीन हवाई पट्टी बनाने एवं उन्नयन की योजना के तहत वर्ष 2010–11 एवं वर्ष 2011–12 में राज्य शासन द्वारा बलरामपुर, (1362.32 लाख) बीजापुर, (1987.48 लाख) दंतेवाड़ा, (681.13 लाख) में नवीन हवाई पट्टी निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है । इसी प्रकार पूर्व से निर्मित अंबिकापुर, (दरिमा हवाई पट्टी) (1261.87 लाख) जशपुरनगर, (885.69 लाख) हवाई पट्टियों के उन्नयन के लिये भी प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

**(फ) राज्य में <u>वायु सेवाओं के विस्तार एवं विकास हेतु उपलब्ध एयरस्ट्रीप को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की पहल :–</u>**

राज्य शासन, छत्तीसगढ़ राज्य के वायु यातायात, उद्योगों एवं पर्यटन को बढ़ावा देने की मंशास्वरूप इन जिलों में उपलब्ध एयरस्ट्रीप को विकसित कर इन्टर–स्टेटतथा इन्ट्रा–स्टेट वायु सेवाओ के विस्तार हेतु प्रयासरत हैं । इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य का Civil Aviation Perspective Plan बनवाया गया हैं।

इसी कड़ी में प्रदेश के 07 हवाई अड्डों (एयरस्ट्रीप) 1. अम्बिकापुर 2. रायगढ़ 3. जगदलपुर 4. जशपुर 5. कोरबा 6. भिलाई 7. बिलासपुर को DGCA

के मापदण्ड अनुरूप सुधारने एवं लायसेंस प्राप्त करने के दृष्टिकोण से India Aviation Consulting & Support, New Delhi को सर्वे एवं डॉक्यूमेंट तैयार करने हेतु नियुक्त किया गया था। इनके द्वारा अपनी रिपोर्ट एवं समस्त आवश्यक डॉक्यूमेंट प्रस्तुत किया गया हैं । सलाहकार की रिपोर्ट अनुसार रायगढ़, अम्बिकापुर, जगदलपुर, एवं कोरबा में वायु सेवाओं हेतु काफी पोटेन्शियल हैं । इस रिपोर्ट से सहमत होते हुए राज्य शासन प्रथम चरण में रायगढ़ एयरस्ट्रीप को 3–C केटेगरी के एयरपोर्ट में विकसित करने की पहल की जा रही हैं ।

**(ग) वायु सेवाओं के विस्तार के अंतर्गत जिलों को रायपुर (राजधानी) से जोड़ने की पहल :–**

राज्य शासनः छत्तीसगढ़ राज्य में पर्यटन व उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु सतत् प्रयत्नशील हैं । इसी अनुक्रम में प्रदेश में वायु सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश की हवाई पट्टियों से राज्य के अंदर वायुसेवा संचालित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन, विमानन विभाग के पत्र क्रमांक 300/एफ–2–3/45/विमा0वि0/2012 रायपुर, दिनांक 05.12.2012 द्वारा छत्तीसगढ़ एविएशन अकादमी, दुर्ग कोएयर टैक्सी प्रारम्भ करने की अनुमति दी गई हैं ।

**बजट प्रावधान :–**

वर्ष 2012–13 में विमानन संचालनालय के लिए कुल राशि रूपये 54,82,84,000/– का प्रावधान है, जिसके विरूद्ध 31 जनवरी, 2013 तक रूपये 25,04,30,912/– का व्यय हो चुका है शेष बजट रूपये 29,78,53,088/– है । (परिशिष्ट–'स')

**भाग–तीन एवं चार :–**

राज्य में विमानन विभाग के अधीन वर्तमान में कोई केन्द्र प्रवर्तित योजना संचालित नहीं है एवं कोई जांच कमेटी या अध्ययन कमेटी गठित नहीं की गई है ।

**फ्यूल बाउजर :–**

नक्सली समस्या से निपटने के लिये एयरफोर्स, बी.एस.एफ. एवं छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान में फोर्स के मूव्हमेंट आदि के लिए इनके हेलीकाप्टर में फ्यूल की रिफ्यूलिंग करने के लिए वर्तमान में छ0ग0 राज्य शासन विमानन विभाग में हेलीकाप्टर हेतु फ्यूल सप्लाई हेतु 3 बाउजर उपलब्ध है । अन्य के लिये 03 फ्यूल बाऊजर एवं इन बाऊजरों को भरने के लिए एक आयल टैंकर की नितांत आवश्यकता को देखते हुए राज्य शासन द्वारा 03 ATF फ्यूल बाउजर एवं 01 ऑयल टैंकर क्रय करने का निर्णय लेकर क्रय आदेश जारी किया गया हैं । 03 ATF फ्यूल बाउजर एवं 01 ऑयल टैंकर का निर्माण कार्य पूर्णतः की ओर हैं एवं मार्च, 2013 तक विभाग के पास उपलब्ध हो जाने की संभावना हैं ।

**निजी भूमि अधिग्रहण मुआवजा (31–002) :–**

1. स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट, रायपुर को अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने एवं भविष्य की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए विस्तार किया जाना नितांत आवश्यक है जिसके लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है । विस्तारीकरण योजना में कुल 100.98 हेक्टेयर निजी भूमि है । उक्त भूमि अधिगहण हेतु रू0 52,51,38,,820/– (रूपये बावन करोड़ इकावन लाख अड़तीस हजार आठ सौ बीस मात्र) का बजट प्रावधान कर NRDA रायपुर एवं कलेक्टर, रायपुर के माध्यम से भूमि अर्जन की कार्यवाही कराई जा रही हैं।
2. रायगढ़ हवाई पट्टी को 3–C केटेगरी के एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने हेतु आवश्यक भूमि अधिग्रहण हेतु रू0 20 करोड़ (रूपये बीस करोड़ मात्र) का प्रावधान द्वितीय अनुपूरक में किया गया हैं ।

--00--

## पद संरचना की जानकारी (31.01.2013 की स्थिति में)

विभाग का नाम– विमानन विभाग (परिशिष्ट–अ)

विभागाध्यक्ष का नाम– आयुक्त, विमानन

मांग संख्या– 65

मुख्य शीर्ष– 2052

उप मुख्य शीर्ष– 00

लघु शीर्ष– 091

| क्र | पदनाम | कुल स्वीकृत पद | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्थायी | अस्थायी | नियमित सांख्येतर /संविदा | आकस्मिकता निधि स्थापना पद | कलेक्टर दर के पद | कुल स्वीकृत | भरे पद | रिक्त पद | ग्रेड–पे | पे–बैंड |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | संचालक | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | आई.ए.एस. वरिष्ठ वेतनमान | |
| 2 | उप संचालक | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 6600 | 15600–39100 |
| 3 | प्रशासकीय सह लेखाधिकारी | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 5400 | 15600–39100 |
| 4 | कनिष्ठ लेखाधिकारी | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 4300 | 9300–34800 |
| 5 | स्टेनोग्राफर कम कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 02 */** | —— | 2400 | 5200–20200 |
| 6 | स्टेना टायपिस्ट | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 1900 | 5200–20200 |
| 7 | लेखापाल | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 ** | —— | 2400 | 5200–20200 |
| 8 | सहायक ग्रेड–02 | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 ** | —— | 2400 | 5200–20200 |
| 9 | सहायक ग्रेड–03 | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 02** | 01 | 1900 | 5200–20200 |
| 10 | वाहन चालक | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01** | —— | 1300 | 4750–7440 |
| 11 | भृत्य | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01** | —— | 1300 | 4750–7440 |
| 12 | सीनियर पायलट, विमान | 04 | —— | —— | —— | —— | 04 | 03* | 01 | 8900 | 37400–67000 |
| 13 | सीनियर पायलट, हेली | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 02* | —— | 8900 | 37400–67000 |
| 14 | पायलट हेली. | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 * | —— | 7600 | 15600–39100 |
| 15 | मुख्य अभियंता | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 8900 | 37400–67000 |
| 16 | उप मुख्य अभियंता (रेडियो) | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01* | —— | 8700 | 37400–67000 |
| 17 | एयर क्राफ्ट मेंटेनेन्स इंजीनियर (विमान) | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01* | —— | 7600 | 15600–39100 |
| 18 | एयर क्राफ्ट मेंटेनेन्स इंजीनियर (हेली.) | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01* | —— | 7600 | 15600–39100 |
| 19 | सहायक अभियंता (एयरक्राफ्ट) | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 01* | 01 | 5400 | 15600–39100 |
| 20 | फोरमैन | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 4400 | 9300–34800 |
| 21 | ऑपरेशन मैनेजर | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01* | —— | 4300 | 9300–34800 |
| 22 | क्वालिटी कंट्रोल मैनेजर | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 4300 | 9300–34800 |
| 23 | सीनियर मैके. (विमान) | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 03 * | —— | 2800 | 5200–20200 |
| 24 | सीनियर मैके. (हेली) | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 03 * | —— | 2800 | 5200–20200 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | स्टोरकीपर कम कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 02* | —— | 2400 | 5200—20200 |
| 26 | स्टेनोग्राफर कम कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 2400 | 5200—20200 |
| 27 | वाहन चालक | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 03* | —— | 1900 | 5200—20200 |
| 28 | वाहन चालक कम क्लीनर | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 01* | 01 | 1800 | 5200—20200 |
| 29 | टूल ब्वाय | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 1300 | 4750—7440 |
| 30 | चौकीदार | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01** | —— | 1300 | 4750—7440 |
| 31 | माली | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | 01 | —— | कलेक्टर दर पर | |
| 32 | स्वीपर | —— | —— | —— | —— | 02 | 02 | 02 | —— | कलेक्टर दर पर | |
| **योग** | | **46** | —— | —— | —— | **03** | **49** | **39** | **10** | | |

योजना क्रमांक— 4043

**टीप:** विमानन संचालनालय में कुल 49 पद स्वीकृत है जिसके विरूद्ध 04 अधिकारी/कर्मचारी नियमित हैं । ** दर्शित 08 कर्मचारी राज्य परिवहन से प्रतिनियुक्ति पर तथा * दर्शित 24 अधिकारी/कर्मचारी संविदा पर नियुक्त है तथा 03 कर्मचारी कलेक्टर दर पर कार्यरत है ।

# परिशिष्ट–ब

## छत्तीसगढ़ के अन्तर्गत आने वाली हवाई पट्टियों की सूची

| क्र. | जिला स्थान | रनवे की दिशा | रनवे की लंबाई (फिट में) | हवाई पट्टियों की समुद्र तल से उंचाई (फुट में) | हवाई पट्टियों के अक्षांस–देशांश | स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अंबिकापुर (दरिमा) | 16 / 34 | 5330'x50' | 1900′ | उत्तर–2259.50<br>पूर्व–08311.66 | राज्य शासन |
| 2 | बिलासपुर | 17 / 35 | 5290'x50' | 900′ | उत्तर–2159.64<br>पूर्व–08206.88 | राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण की व राज्य शासन के अधीन है |
| 3 | भिलाई (नंदिनी) | 05 / 23 | 4500'x100' | 900′ | उत्तर–2118.00<br>पूर्व–08123.00 | स्टील अथारिटी आफ इंडिया NCC के उपयोग में |
| 4 | जगदलपुर | 06 / 24 | 5575'x100' | 1800′ | उत्तर–1904.49<br>पूर्व–08202.25 | राज्य शासन का स्वामित्व लीज पर (डीआरडीओ) रक्षा सेवा के अधीन |
| 5 | जशपुरनगर | 09 / 27 | 4000'x100' | 2400′ | उत्तर–2255.55<br>पूर्व–08413.87 | राज्य शासन |
| 6 | रायगढ़ | 12 / 30 | 4000'x50' | 800′ | उत्तर–2149.20<br>पूर्व–08321.49 | राज्य शासन |
| 7 | कोरबा | 18 / 36 | 3500'x50' | 1000′ | उत्तर–2224.79<br>पूर्व–08243.16 | छत्तीसगढ़ विद्युत मण्डल का स्वामित्व संधारण दायित्व बाल्को को |
| 8 | रायगढ़ | 10 / 28 | 6600'x100' | 800′ | उत्तर–2156.30<br>पूर्व–08320.23 | प्रायवेट जिन्दल ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज |

# वित्तीय वर्ष 2012–13 का स्वीकृत बजट
# व्यय एवं शेष राशि का विवरण 31.01.2013 की स्थिति में

परिशिष्ट – स
(राशि हजारों में)

| क्र. | मद | बजट 12–13 में आबंटन राशि | पुर्ननियोजन | पूर्व में व्यय | वर्तमान व्यय | कुल व्यय | बचत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **# 01 वेतन भत्ते आदि** | | | | | | |
| 1 | 001 वेतन | 27500000 | | 20261506 | 2397150 | 22658656 | 4841344 |
| 2 | 002 महंगाई वेतन | 275000 | | 20812 | 0 | 20812 | 254188 |
| 3 | 003 महंगाई भत्ता | 682000 | | 866692 | 118297 | 984989 | 302989 |
| 4 | 006 मकान किराया भत्ता | 946000 | | 104720 | 13500 | 118220 | 827780 |
| 5 | 008 नगर क्षतिपूर्ति भत्ता | 110000 | | 7350 | 900 | 8250 | 101750 |
| 6 | 014 अन्य भत्ते | 4400000 | | 132755 | 63681 | 196436 | 4203564 |
| 7 | 015 चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति | 60000 | | 51217 | 0 | 51217 | 8783 |
| 8 | 018 भविष्य निधि अंशदान | 110000 | | 56160 | 6240 | 62400 | 47600 |
| 9 | 020 त्यौहार अग्रिम | 10000 | | 32000 | 0 | 32000 | 22000 |
| 10 | 021 घटाईये वापसिया | –10000 | | 0 | 0 | 0 | -10000 |
| 11 | 022 अनाज अग्रिम | 20000 | | 0 | 0 | 0 | 20000 |
| 12 | 023 घटाईये वापसिया | –20000 | | 0 | 0 | 0 | 20000 |
| 13 | 024 चिकित्सा अग्रिम | 10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| 14 | 025 घटाइये वापसियां | –10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| | **योग उद्देश्य # 01** | **34083000** | | **21533212** | **2599768** | **24132980** | **9950020** |
| | **# 02 मजदूरी** | | | | | | |
| 15 | 004 अन्य आकस्मिक मजदूरी | 231000 | | 230365 | 0 | 230365 | 635 |
| | **# 03 यात्रा भत्ता** | | | | | | |
| 16 | 001 यात्रा भत्ता दौरे आदि पर | 700000 | | 643899 | 35000 | 678899 | 21101 |
| | **# 04 कार्यालय व्यय** | | | | | | |
| 17 | 001 डाक तार पर व्यय | 20000 | | 0 | 0 | 0 | 20000 |
| 18 | 002 दूरभाष पर व्यय | 300000 | | 131496 | 26789 | 158285 | 141715 |
| 19 | 003 फर्नीचर एवं कार्यालय उपकरण | 6200000 | | 0 | 129621 | 129621 | 6070379 |
| 20 | 004 पुस्तकें एवं नियतकालिक पत्रिकाए | 50000 | | 4160 | 0 | 4160 | 45840 |
| 21 | 005 बिजली एवं जल प्रभार | 850000 | | 245589 | 18500 | 264089 | 585911 |
| 22 | 006 वर्दियां | 50000 | | 6397 | 0 | 6397 | 43603 |
| 23 | 007 लेखन सामग्री एवं फार्मो की छपायी | 90000 | | 46052 | 32901 | 78953 | 11047 |
| 24 | 008 अन्य आकस्मिक व्यय | 43500000 | | 11539877 | 4539619 | 16079496 | 27420504 |
| 25 | 011 पेट्रोल तेल आदि पर व्यय | 15000000 | | 10404684 | 2167292 | 12571976 | 2428024 |
| 26 | 013 किराया महसूल कर | 12100000 | | 11180626 | 389610 | 570236 | 11529764 |
| | **योग उद्देश्य # 04** | **78160000** | | **33558881** | **7303677** | **40862558** | **37297442** |
| 27 | **# 10 व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियॉ** | | | | | | |
| | 003 परामर्श सेवायें | 100000 | | 0 | 0 | 0 | 100000 |
| 28 | **# 13 आर्थिक सहायता** | | | | | | |
| | 001 प्रत्यक्ष सहायता | 5000000 | | 0 | 0 | 0 | 5000000 |
| 29 | **# 15 डिकी धन का भुगतान (भारित)** | 10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| 30 | **# 24 अनुरक्षण कार्य** | 1000000 | | 0 | 314638 | 314638 | 685362 |
| 31 | **# 27 लघु निर्माण कार्य** | 1500000 | | 1350300 | 0 | 1350300 | 149700 |
| 32 | **# 28 मशीन और उपकरण** | | | | | | |
| | 005 वायुयान के पूर्जे | 35000000 | | 4111350 | 3611002 | 7722352 | 27277648 |
| 33 | **# 31 क्षतिपूर्ति** | | | | | | |
| | 002 अधिग्रहित भूमि मुआवजा | 380000000 | | 175138820 | 0 | 175138820 | 204861180 |
| 34 | **# 34 वाहनों का क्रय** | | | | | | |
| | 002 भारी वाहन | 12500000 | | 0 | 0 | 0 | 12500000 |
| | **कुल योग दत्तमत्त** | **548274000** | | **236566827** | **12922480** | **250430912** | **297843088** |
| | **कुल योग भारित** | **10000** | | **0** | **0** | **0** | **10000** |
| | **महायोग** | **548284000** | | **236566827** | **12922480** | **250430912** | **297853088** |